मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 14.08.2025

थाना पड़री पुलिस द्वारा 02 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की घटना में प्रयुक्त चाभी का गुच्छा व एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल बरामद —

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व वाहनों की चोरी एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना पड़री पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांकः14.08.2025 को थाना पड़री पुलिस द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील होकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी कि इस दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल सवार 02 शातिर वाहन चोरों 1.सनी अली पुत्र इम्तियाज निवासी भरपुरा थाना पड़री जनपद मीरजापुर व 2.सुनील गोड़ पुत्र स्व0रामगोबिन्द निवासी रामगढ़ थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र(हालपता-ग्राम भरपुरा थाना पड़री जनपद मीरजापुर) को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से वाहन चोरी की घटना में प्रयुक्त एक अदद चाभी का गुच्छा बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पड़री पर मु0अ0सं0-147/2025 धारा 317(2),317(5) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

विवरण पूछताछ —

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह दोनों मिलकर मोटरसाइकिल को सक्तेशगढ़ आश्रम पहाड़ के पास से चोरी किये थे तथा बरामद चाभी के गुच्छे के बारें में बताया गया कि उनके द्वारा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर छिपकर मोटरसाइकिल से आने वाले व्यक्तियों को देखते रहते है और जैसे ही मोटरसाइकिल खड़ी करके जाते है इन्हीं चाभियों की मदद से लॉक खोलकर वाहन चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1.सनी अली पुत्र इम्तियाज निवासी भरपुरा थाना पड़री जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-26 वर्ष।

2.सुनील गोड़ पुत्र स्व0रामगोबिन्द निवासी रामगढ़ थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, उम्र करीब-25 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-147/2025 धारा 317(2),317(5) बीएनएस थाना पड़री जनपद मीरजापुर ।

विवरण बरामदगी—

चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेण्डर अंकित वाहन संख्याःUP63AF6301.

04 अदद चाभी सहित एक चाभी का गुच्छा।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

भरपुरा तिराहा के पास से, आज दिनांकः14.08.2025 को समय 01:05 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक विजय कुमार यादव थाना पड़री जनपद मीरजापुर।

मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार सिंह व आरक्षी हिमांशु मिश्रा।

****